हल्द्वानी में प्रदेश के सबसे बड़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

7 फरवरी 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के हल्द्वानी -काठगोदाम नगर निगम में सबसे बड़े 28 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और लेगेसी अपशिष्ट उपचार संयंत्र का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इन दोनों प्लांट की लागत क्रमश: 58 करोड़ रुपए और 3 करोड़ रुपए है।
- हल्द्वानी और आसपास के शहरों में स्वच्छता की स्थिति में सुधार के लिये हल्द्वानी के गौलापार में इन दोनों संयंत्रों का निर्माण किया गया है।
- इन संयंत्रों का निर्माण अटल कायाकल्प एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) योजना के तहत किया जा रहा है।
- हल्द्वानी में एसटीपी के संचालन से गौला नदी को प्रदूषण से बचाया जा सकेगा और किसान संयंत्र से प्राप्त अपशिष्ट का उपयोग जैविक खाद के रूप में कर सकेंगे।
- राज्य सरकार ने गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषित करने वाले 132 नालों में सीवेज प्लांट लगाए हैं। वर्तमान में 11 सीवरेज प्लांट का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कई अन्य घोषणाएँ भी कीं। उन्होंने वन्य जीव एवं पर्यटन के लिये हल्द्वानी में अंतर्राष्ट्रीय चिड़ियाघर के निर्माण हेतु आवश्यकता अनुसार धनराशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। साथ ही उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के लिये हल्द्वानी में नशामुक्ति केंद्र खोलने की योजना की भी घोषणा की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-s-largest-sewage-treatment-plant-inaugurated-in-haldwani